अमृत विचार
www.amritvichar.com
बरेली महानगर
बरेली, मंगलवार, 16 दिसंबर 2025

PAGE NO : 01 MIDDLE

# यूपी और बंगाल के बीच आज से होगा मैच

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कूच बिहार ट्रॉफी : जीत से यूपी क्वार्टर फाइनल में पहुंच जाएगी
- श्रीराम मूर्ति मेमोरियल क्रिकेट स्टेडियम में मैच का उद्घाटन

**अमृत विचार** : बीसीसीआई के घरेलू क्रिकेट कूच बिहार ट्रॉफी के अंडर-19 का तीसरी बार मैच मंगलवार से बरेली के एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। यूपी और बंगाल के बीच मैच सुबह 9 बजे से शुरू होगा। मैच का उद्घाटन कमिश्नर भूपेंद्र एस चौधरी, डीआईजी अजय कुमार साहनी और डीएम अविनाश सिंह करेंगे। मैच में जीत से यूपी सीधे क्वार्टर फाइनल में पहुंच जाएगी तो वहीं हार से बंगाल टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी।

यूपी की टीम के खिलाड़ियों ने हेड कोच ध्रुव सिंह की निगरानी में तो बंगाल की टीम ने कोच सौर्याशीष लाहिरी की निगरानी में अभ्यास किया। यूपी के कोच ध्रुव ने मैच में अपनी टीम की स्थित को अच्छा बताया। एलीट ग्रुप डी में 19 प्वाइंट्स के साथ टीम दूसरे स्थान पर है। कहा कि बंगाल टीम को हराने के बाद हम सीधे क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर जाएंगे। इसीलिए हमारा पूरा ध्यान बंगाल के खिलाफ मैच जीतने को लेकर है। टीम के सभी खिलाड़ी अच्छा खेल रहे हैं। बंगाल की टीम ने कोच सौर्याशीष लाहिरी ने मैच को महत्वपूर्ण बताया।

कहा कि यह हमारा अंतिम लीग मैच है। हमारी कोशिश होगी कि सभी खिलाड़ी अच्छा खेलें और मैच जीते। हम अच्छा खेल कर यूपी को चुनौती देंगे। बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सीताराम सक्सेना, संरक्षक आदित्य मूर्ति ने सोमवार को मैच की तैयारियों का निरीक्षण किया।



कूच बिहार ट्रॉफी के मैच के लिए अभ्यास करती यूपी और बंगाल की टीमें।

## यूपी की टीम

भव्य गोयल (कप्तान), आयान अकरम, अनमोल नौशराम, कैफ रहमान, भावी शर्मा, कार्तिकेय सिंह (विकेटकीपर), राहुल, दक्ष चंदेल, के कृष्णा, यश पंवार, रवि सैनी, यशु प्रधान, युवराज, मोहम्मद अर्शमन, शिवांशु सचान।

## बंगाल की टीम

चंद्रहास दाश (कप्तान), आदित्य राय, अत्मजा मंडल, सयन पॉल, आशुतोष कुमार, अगस्त्य शुक्ला, अभिप्राय बिस्वास (विकेट कीपर), सचिन यादव, रोहित, रोहित कुमार दास, शिवम भारती, कुशल गुप्ता, विराट चौहान, राजदीप पासवान।

PAGE NO : IV TOP

- श्रीराम मूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में कूच बिहार ट्राफी मैच का उद्घाटन सुबह 8 :30 बजे।